## मिलजुलकर मनाएंगे भगवान श्री नरसिंह का प्रकट्ोत्सव

### नरसिंह महोत्सव में तीन दिन चलेंगे कार्यक्रम

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** इस वर्ष भी भगवान श्री नरसिंह का प्रकट्ोत्सव हर्षोल्लास के साथ विविध कार्यक्रमों के बीच मनाया जायेगा। इसे लेकर व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। भगवान श्री नरसिंह प्रकट्ोत्सव को नरसिंह गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा और 9, 10 एवं 11 मई को तीन दिवसीय आयोजन रहेगा। जिसमें 11 मई को भगवान श्री नरसिंह की जयंती रहेगी।



इस संबंध में जाट युवा मोर्चा ने बताया कि तैयारियों के संबंध में नरसिंह मंदिर परिसर में विभिन्न संगठनों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि जिले के सभी संगठन, सकल हिन्दू समाज मिलकर जयंती मनायेंगे। जिसमें कार्यक्रमों के तहत 9 मई को प्रात: 5:30 बजे से रामधुन मंडलियों की सामूहिक प्रभात फेरी, प्रात: 8 बजे से स्वच्छता कार्यक्रम, प्रात: 10 बजे से खेलकूद प्रतियोगिताएं पतंग उत्सव चर्च ग्राउंड पर, शाम 4 बजे खो-खो प्रतियोगिता ऑफिसर्स क्लब खो-खो ग्राउंड, शाम 4 व्हालीबाल, कबड्डी उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम, शाम 4 बजे ही बेडमिंटन स्टेडियम बेडमिंटन हॉल, शाम 5 बजे से एथाऐटिक्स दौड़ प्रतियोगिता स्टेडियम ग्राउंड एवं 10 मई को 5:30 सामूहिक प्रभात फेरी नरसिंह मंदिर से प्रात: 8 बजे स्वच्छता कार्यक्रम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में, प्रात: 10 बजे जूड़ो प्रतियोगिता असेम्बली हॉल, शाम 4 बजे से स्टेडियम बेटमिंटन हॉल, शाम 5 बजे एथाऐटिक्स दौड़ प्रतियोगिता स्टेडियम ग्राउंड, शाम 7:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम नरसिंह मंदिर तालाब परिसर एवं अंतिम जयंती के दिन 11 मई को प्रात:5:30 बजे से रामधुन मंडलियों की सामूहिक प्रभात फेरी विभिन्न मंदिरों से प्रात: 8 बजे से भगवान नरसिंह का अभिषेक, पूजन नरसिंह मंदिर में दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक नरसिंह मंदिर परिसर में भंडारा, शाम 4 बजे से नरसिंह मंदिर से वाहन रैली, शाम 6 बजे एक दीप भगवान नरसिंह के नाम नरसिंह मंदिर परिसर में शाम 6:30 बजे भगवान श्री नरसिंह का प्रकट्ोत्सव महाआरती प्रसाद वितरण एवं रात 8 बजे भजन-गायक जयसिंह राजा द्वारा भजन संध्या में प्रस्तुति दी जायेगी।

जाट युवा मोर्चा, श्री देव नरसिंह मंदिर ट्रस्ट एवं श्री मित्र गणेश मंडल ने बताया कि उक्त आयोजन सकल हिन्दू समाज द्वारा मनाया जायेगा। सकल हिन्दू समाज ने सभी से आयोजन में सहभागिता देने की अपील की है और कहा है कि भगवान श्री नरसिंह मंदिर से हम सबकी पहचान है जरूरत है कि जिले के समस्त स्वयंसेवी, धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संगठन इसमें सक्रिय सहभागिता प्रदान करें।

## युवा कांग्रेस की निर्वाचन प्रक्रिया छह मई तक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस की सदस्यता अभियान एवं चुनाव के संबंध में कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें नरसिंहपुर चुनाव अधिकारी बोगा जगदीश ने बताया कि मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव में नामांकन प्रकिया जारी है जो 27 अप्रैल से 6 मई तक समय निर्धारित है तत्पश्चात नामांकन की जांच कर प्रत्याशीयो को चुनाव सीरियल नंबर आवंटित किए जाएंगे उसके बाद 16 मई से 15 जून तक सदस्यता मतदान की प्रकिया शुरू होगी। नामांकन एवं सदस्यता की उम्र 18 से 35 वर्ष के युवा / युवतियां भाग ले सकेंगे, सदस्यता शुल्क 50 रूपये निर्धारित है, चुनाव ब्लॉक कमेटी, विधानसभा कमेटी, जिला महासचिव जिलाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव , प्रदेश अध्यक्ष के स्तर पर चुनाव प्रक्रिया अनुसार पद तय किए है, सदस्यता एवं चुनाव प्रकिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए पूरी प्रकिया ऑनलाइन रखी है । आपने बताया कि ऐप के जरिए सदस्यता अभियान और मतदान प्रकिया को रखा है। बैठक में युवा कांग्रेस के रोहित पटेल ,अतुल चैरासिया, विवेक पटेल, अंकुर बटरी, शुभम ठाकुर ,अभिषेक प्रजापति, संजय मेहरा, पलाश लोधी सहित युवा साथीगण मौजूद रहे।

## जोखिम उठाकर कार्य करते हैं फायर कर्मचारी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रविवार को फायर दिवस पर नगर पालिका परिसर में नगर पालिका के फायर विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अजीत जाट ने कहा कि फायर विभाग में कार्यरत कर्मचारी निष्ठा और समर्पण से काम करते हैं। पार्षद नीलकमल जैन नीलू, भाजपा सिंहपुर मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह जाट ने कहा कि इन कर्मचारियों को कई बार जोखिम उठकर कार्य करना पड़ता है। जरूरत है कि हम सब समय-समय पर प्रोत्साहन के लिए इनको सम्मानित करें। उक्त मौके पर आर आई राजेश पटेल, वाहन शाखा बाबू सुनील कुर्मी, वाहन प्रभारी राजा भैया जाट, वाहन चालक सूरज गुहेरा, महेश पटेल, दुर्गेश कुमार, ईश्वर पाल, धनीराम, फायर मेन नीलेश वंशकार, मोहन, रज्जन, शारदा, पप्पू, महावीर , जीत कुमार के अलावा अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सार-समाचार

### सड़क किनारे खड़े वाहन दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

**गाडरवारा देशबन्धु।** नगर में जिसे जहां जगह मिली और उसने अपना आधिपत्य कायम किया , वर्तमान में देखा जा रहा है कि सड़क के किनारे कई बड़े-बड़े वाहन ऐसे खड़े रहते हैं जैसे उन्होंने वाहन खड़े करने के लिए सरकारी भूमि को लीज पर लेकर वाहन खड़े करने के लिए गैरेज बना कर रख ली हो । कई बाहर की निर्माण कंपनियां शहर में काम करने आती है और उसके बाद इसी तरीके से उन्हें जहां जगह मिलती है अपने वाहन रखने का इंतजाम कर लेती है । रेलवे स्टेशन मार्ग काफी व्यस्ततम मार्ग है सड़क के बाजू से बड़े वाहन खड़े रहना किसी बड़े खतरे से काम नहीं है । सिविल लाइन क्षेत्र में खड़े वाहनों पर प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान तो जरूर जाता होगा । इसके बावजूद भी देखा जा रहा है कि कई दिनों से सड़क के किनारे खड़े वाहन अलग नहीं हो पा रहे हैं ।यह अस्थाई रूप का अतिक्रमण कभी भी किसी दुर्घटना के साथ जानलेवा साबित हो सकता है । प्रशासन इस और ध्यान देकर सड़क के किनारे जो वाहन लगातार खड़े रहते हैं उन्हें अलग कराए जिससे कि कोई बड़ा हादसा न हो सके ।



### गंगा सप्तमी पर नर्मदा तट पर उमड़े श्रद्धालु

**गाडरवारा देशबन्धु।** गंगा सप्तमी के अवसर पर रविवार को नर्मदा तट ककरा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। सुबह से ही लोग नर्मदा तट पर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने स्नान-ध्यान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मान्यता है कि गंगा सप्तमी के दिन मां गंगा स्वयं मां नर्मदा से मिलने आती हैं। इस विशेष दिन पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा में स्नान कर मां गंगा और मां नर्मदा से सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। घाट पर पूजन-अर्चन के साथ भजन कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए घाट पर सुरक्षा बल तैनात किए गए।

### साईबाबा के मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

**गाडरवारा देशबन्धु।** देश के महान संत हमारे आराध्य शिरडी वाले साईं बाबा जी का स्थानीय छिड़ाव घाट नदी मोहल्ला में स्थित साईं मंदिर जीर्णोद्धार हेतु साईं भक्तों की उपस्थिति में बाबा की प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ बैठक प्रारंभ की गई। जिसमें मंदिर में नवीन लेंटर से लेकर आजू बाजू की दीवाल इत्यादि का खर्च बजट पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही नगर के समस्त गणमान्य नागरिक के साथ साईं भक्तों से सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार पर उपस्थित जनों ने अपनी बात रखी। साथ ही आगामी कुछ ही दिनों में बहुत जल्द काम प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही नगर के साईं भक्तों से मंदिर में लगने वाली सामग्री में विशेष सहयोग की भी अपील प्रेषित की गई। इस अवसर पर साईं श्रद्धा सेवा समिति संस्थापक आशीष राय, अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया, पार्षद गीता चौकसे, दिनेश नामदेव, एडवोकेट अभिषेक सराठे, मोनू बरहैया, प्रमोद चौहान, लालू परचानी, मदन बाथरे, मनीष श्रीवास्तव,अभिषेक सोनी, दीपक मिर्धा, अखिलेश श्रीवास्तव,अमित विश्वकर्मा इत्यादि भक्त उपस्थित थे।


### आये दिन बढ़ रही है लापता होने की शिकायतें

**गाडरवारा देशबन्धु।** अनुविभाग गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत गाडरवारा, साईखेड़ा, चीचली, डोंगरगांव थाना के अंतर्गत 28 अप्रैल से 4 मई तक एक सप्ताह में 22 मामले में इन थानों में लापता की शिकायतें दर्ज कराई गई हैं जिसमें गाडरवारा के अंतर्गत 15, चीचली में दो साईखेड़ा में तीन, डोंगरगांव में दो लापता होने की शिकायत दर्ज कराई हैं। पुलिस ने इस संबंध में गुमशुदी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। उल्लेखनीय है कि सबसे ज्यादा शिकायते गाडरवारा थाने में दर्ज हुई है।औसतन प्रतिदिन दो शिकायतें हुयी है।

## गाडरवारा के बच्चे पढ़ेंगे वेद

### स्कूल छोड़ चुके बच्चों के लिए सरकार की खास योजना, वेद पढ़ो, नौकरी पाओ

**गाडरवारा देशबन्धु।** स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के लिए सरकार वेद पढ़ाकर नौकरी दिलाएगी। इस शिक्षा के आधार पर वे कारखाना भी लगा सकेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के तीन जिलों में वोकेशनल एजुकेशन फॉर ड्रॉप आउट की शुरुआत करने जा रहा है। इसमें गाडरवारा भी शामिल है। इसका संचालन मप्र राज्य ओपन बोर्ड करेगा। वोकेशनल एजुकेशन को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अनिवार्य किया गया है। जिसे आधार बनाते हुए वेद की पढ़ाई को शुरू किया जाएगा। इसमें बच्चों को आठ तरह के स्किल सिखाएं जाएंगे। साथ ही दसवीं के समकक्ष पढ़ाई कराई जाएगी। प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों नरसिंहपुर जिले में गाडरवारा उज्जैन जिले में उज्जैन दक्षिण और राजगढ़ में सारंगपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया जाएगा। तीन सेंटर यहां पर खोले जाएंगे।




बताया जाता है कि तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव रघुराम राजेन्द्रन का यह कॉन्सेप्ट है। राज्य ओपन बोर्ड इसका संचालन करेगा। सहयोगी संस्थान के रूप में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट और पंडित सुंदर लाल शर्मा वोकेशनल इंस्टीट्यूट के साथ अनुबंध किया गया है। वेद' योजना में दो साल का पाठ्यक्रम होगा। इसमें प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल रिपेयरिंग, फैब्रिक डिजाइनिंग, रेफ्रिजरेशन, एयर कंडीशनिंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स रिपेयरिंग जैसे ट्रेड होंगे। हिंदी और संस्कृत शिक्षा का मुख्य माध्यम होगी। तीसरे विषय के रूप में अंग्रेजी शामिल है। प्रैक्टिकल के लिए आठ प्रयोगशालाएं होंगी। आइआइटी के स्तर के ट्रेंड की स्थापना की जाना है।

## बरमान में आपदा प्रबंधन का तैराकी प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर।** आपदा प्रबंधन के अंतर्गत तीन दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट टी.आर.चौहान के नियंत्रण एंव पर्यवेक्षण में प्रारंभ किया गया । जवानों को लाइव जैकेट पहनना, सही तरीके से लाइव जैकेट को कसना एंव तैराकी का प्रशिक्षण वीरेंद्र सिंह सूर्यवंशी के प्लाटून कमांडर, नीरज सिंह ठाकुर एएसआई एंव सुंदरलाल हवलदार अनुदेशक के मार्गदर्शन में बरमान रेत घाट नर्मदा नदी में प्रारंभ किया गया।

## समर कैम्प प्रारंभ

**नरसहिपुर ।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीचौका में समर कैंप का शुभारंभ किया गया ।इस कैंप में शाला की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं के साथ अभिभावकों ने भी काफ़ी उत्साह दिखाया। विदित रहे कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के चिंतन कौशल आदि वृत्तियों का विकास होता है। समर कैम्प में प्रतिभागी को इंडोर खेल के साथ कविता, कहानी, संभाषण आदि गतिविधियाँ सीखने मिलती हैं ।

## स्वास्थ्य परीक्षण और विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

### केन्द्रीय जेल में दी गयी सलाह

**नरसिहपुर, देशबन्ध ।** उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के निर्देशानुसार जिला जेल और केन्द्रीय जेलों के साथ ही केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि अखिलेश शुक्ला अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की उपस्थिति में किया गया।




शिविर में देवे्या मीणा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , राजीव सक्सेना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राकेश सनोडिया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , डॉ एसएस ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं डॉ जीसी चैरसिया सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय , डॉ मंजरी सिंह ा, डॉ नवनीत जैन , डॉ वीरेन्द्र पटेल , डॉ आदित्य साहू , डॉ राहुल नेमा, डॉ राजकुमार डेहरिया , आनंद चैधरी एसटीएलएस चिकित्सालय की टीम उपस्थित रहे। चिकित्सकों और उनकी टीम के द्वारा बंदियों की शारीरिक जाँच, जनरल मेडिसिन, स्किन, दन्त रोग, एचआईव्ही एवं टीबी हेतु स्क्रीनिग की जाँच कर प्राथमिक उपचार एवं दवाईयाँ वितरित की।

शिविर में पुरुष बंदीं, महिला बंदियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर स्वास्थ्य का लाभ लिया। [शिविर में मुख्य अतिथि ने कहा कि जिन बंदियों के वकील नियुक्त नही है उन्हें विधिक साक्षरता के माध्यम से वकील नियुक्त कराने की सलाह दी गई और कहा कि न्याय प्राप्त करना सबका अधिकार है । देवेश मीणा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर की ओर से मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए बंदियों को स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग रहने को कहा गया। जेल अधीक्षक अजमेरसिंह ठाकुर द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को जेल उद्योग में निर्मित काष्ट कला उपहार स्वरूप भेंट की गई। शिविर में जेल अधीक्षक अजमेरसिंह ठाकुर, जेल उप अधीक्षक महेश प्रसाद टिकारिया, नरेन्द्र कुमार व्यास, सहायक जेल अधीक्षक संतोष हरियाल, आशीष खरे, ओंमकार झारिया फार्मासिस्ट के साथ ही समस्त जेल स्टॉफ उपस्थित रहा ।

## निधि प्राकृतिक खेती कर गन्ने से गुड़ पाउडर का करती हैं निर्माण

### उत्पाद की हो रही ऑनलाइन बिक्री

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गाडरवारा की किसान निधि कौरव बताती हैं कि उनका खेत ग्राम मनकवारा के अंतर्गत आता है, जहां वे पारिवारिक जमीन पर खेती करती हैं। खेती- किसानी में उनके पति भी उनका साथ देते हैं। पहले वे रासायनिक खेती करती थी, जिससे कमजोर गुणवत्ता, न्यूनतम उपज, मिट्टी की गुणवत्ता खराब होती थी और लागत अधिक आती था। सामान्य बाजार मूल्य मिलता था और वार्षिक में अतिरिक्त लाभ प्राप्त नहीं कर पाती थी। ऐसे में जो लागत खेती- किसान में लगाती थी, फसल बेचकर उनका भुगतान करती थी, जिससे उन्हें कोई विशेष बचत भी नहीं होती थी।



कृषक श्रीमती कौरव ने कृषि विभाग से निरंतर सम्पर्क बनाये रखा। विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने नेचुरल खेती की तकनीकों को समझा और उन्हें इसे व्यवहार में लाने में कदम बढ़ाया। कृषि विभाग द्वारा समय- समय पर दी जाने वाली जानकारी, प्रशिक्षण एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। उन्हें उद्यानिकी विभाग से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने स्थायी खाद बना नेचुरल फार्मिंग की शुरूआत की।

इसके उपरांत उन्होंने अपने खेतों में जीवामृत, वर्मीकम्पोस्ट, बायोपेस्टिसाइड जैसे जैविक उपायों के साथ सीमित मात्रा में रसायनों का भी उपयोग किया, ताकि उत्पादन में कमी न आये। इससे मिट्टी की सेहत में भी काफी सुधार आया और फसल की गुणवत्ता भी बढ़ी । वे बताती है कि इस वर्ष से अपने खेत में पराली/ फसल अवशेष जलाने की परंपरा को पूरी तरह से बंद कर दिया। इसके स्थान पर हैप्पी सीडर तकनीक को अपनाया, जिससे बिना मिट्टी जोते सीधे मूंग की बुवाई संभव हो सकी। इससे न केवल समय व लागत कम लगी, बल्कि पर्यावरण को नुकसान भी नहीं हुआ और भूमि के जीव भी प्रभावित नहीं हुए।

आज कृषक श्रीमती कौरव प्राकृतिक खेती से उत्पादन में संतुलित व उच्च गुणवत्ता के साथ अधिकतम स्वास्थ्य लाभ, मिट्टी में सुधार, कम लागत और बाजार में मांग अधिक हुई है। वे बताती हैं कि अब उनकी फसल को पहले की तुलना में 20से 30 प्रतिशत अधिक बाजार मूल्य प्राप्त हुआ। उन्हें मूंग, चना व गुड़ से लगभग एक लाख रुपये का अतिरिक्त आय अर्जित किया। वे कहती है कि हमने उन किसानों से सम्पर्क किया जो पहले से नेचुरल फार्मिंग कर रहे हैं। उन्होंने उनके उत्पाद खरीदकर उन्हें अपने ब्रांड के माध्यम से बाजार तक पहुंचाने का प्रयास किया। इसके अलावा उन्होंने कुछ आदिवासी किसानों से भी सम्पर्क किया, जो मिलेट्स- कोदो, कुटकी व सांवा जैसे पारंपरिक अनाज लगाते हैं। उन्हें पैक करके अपने ब्रांड से ऑनलाइन मार्केट तक पहुंचाने की योजना बनाई। वे बताती हैं कि उन्होंने अपने खेतों में प्राकृतिक गन्ने से गुड़ पाउडर बनवाते हैं। यह कार्य उनके पिताजी की पारंपरिक/ आधुनिक गुड़ भट्टी में करते हैं, जिसमें किसी भी प्रकार का केमिकल उपयोग नहीं किया जाता।

कृषक श्रीमती कौरव बताती हैं कि अच्छी फसल और गुणवत्ता का उत्पादन के विक्रय के लिए उनके पास ब्रांड का ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन, फसल लाइसेंस और जीएसटी नंबर भी है। अब उनके उत्पादन अमेजॉन व फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर लिस्टेड होने वाले हैं। साथ ही उनकी स्वयं की वेबसाइल पर भी ये उत्पाद उपलब्ध हैं। वे बताती हैं कि उनके उत्पादों में नेचुरल मूंग, मूंग दाल, चना दाल, तूर दाल, काला चना व गुड़ पाउडर शामिल हैं। आने वाले समय में मल्टीग्रेन आटा, मल्टीग्रेन दाल व मिलेट्स- श्री अन्न को भी शामिल करेंगी। इसके अलावा वे भविष्य में इंटीग्रेटेड फार्मिंग- समेकित खेती की योजना बना रही हैं। इसमें फलदार पौधों का रोपण, खेतों में प्राकृतिक कीट नियंत्रण के लिए बखत पालन और भरपूर जैविक खाद बन सके इसके लिए वर्मीबेड का विस्तार करेंगी।

कृषक श्रीमती कौरव बताती हैं कि उनका सपना है कि देश की हर महिला अपने खेत और सपनों की मालकिन बनें। वे चाहती हैं कि हम सभी मिलकर खेती को केवल आजीविका नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और स्वावलंबन का माध्यम बनायें। उन्होंने महसूस किया है कि जैसे हम स्वयं कम केमिकल वाले अनाज को खाना पसंद करते हैं, वैसे ही और भी लोग होंगे, जो स्वस्थ, प्राकृतिक और कम रसायन युक्त अनाज को पसंद करेंगे। स्वस्थ शरीर, अच्छी पाचनशक्ति और बिना साइड इफेक्ट वाले अनाज खाने से हमारे परिवार को जो फायदे हुए हैं, वह दूसरों तक भी पहुंचाने की सोच से हमने नेचुरल फार्मिंग की शुरूआत की।

## मंदसौर एग्री एक्सपो 2025 में नरसिंहपुर के उत्पादों की धूम

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मंदसौर जिले में आयोजित वृहद कृषि सम्मेलन एवं एग्री एक्सपो 2025 में नरसिंहपुर जिले के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। कलेक्टर शीतला पटले के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर गाडरवारा की दाल और करेली के गुड़ ने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। यह उल्लेखनीय है कि गाडरवारा की दाल और करेली का गुड़ न केवल भारत में बल्कि कई अन्य देशों में भी अपनी गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं और हाल ही में इन्होंने बेंगलुरु में भी खूब वाहवाही लूटी थी। एक्सपो में नरसिंहपुर के स्टॉल का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव , कृषि मंत्री श्री कंसाना और उद्यानिकी मंत्री ने नरसिंहपुर जिले के उत्पादों की सराहना की। प्रदर्शनी में जिले की कोयवंशी कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड और पूजा शक्ति महिला फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी करेली ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इन कंपनियों ने मिलकर लगभग 5 क्विंटल अरहर दाल और 01 क्विंटल गुड़ की बिक्री की, जो उनकी सफलता को दर्शाता है। कृषि विभाग की ओर से अरुण परतेती, ब्लॉक तकनीकी सहायक, और गया प्रसाद ने जिले का प्रभावी प्रस्तुतिकरण किया।




## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

